तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026

12 मनरेगा पर भाजपा की साजिश उजागर : रेखचंद जैन



13 बालिकाओं ने जीता गोल्ड बालकों ने जीता कांस्य पदक





## खबर संक्षेप



### किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

**जगदलपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत एवं छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के संयुक्त नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर को सोमवार को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि एक-एक दाना धान की खरीद सुनिश्चित नहीं की गई तो आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने कहा कि धान टोकन काटने की प्रक्रिया में अव्यवस्था, भेदभाव एवं अनियमितता है, जिससे किसान मानसिक, आर्थिक एवं शारीरिक रूप से परेशान हैं। प्रशासन से मांग की गई कि धान खरीदी में पारदर्शिता लाई जाए और किसी भी किसान का धान खरीदी से वंचित न किया जाए। इस दौरान जिला अध्यक्ष रमेश गोयल, संभागीय अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार, जिला उपाध्यक्ष बलिराम पुजारी सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। वहीं छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम, प्रदेश उपाध्यक्ष कौशल नागवंशी, बस्तर जिला अध्यक्ष दशरथ कश्यप, जिला सचिव सोनसाय कश्यप, प्रेम नाग, अशोक कश्यप, सुनील, मनोज कुमार, चकधर बघेल, पाकलु, शिवलाल, शंभू, धनर, बुधराम सहित बड़ी संख्या में किसान एवं समाज प्रमुख मौजूद रहे।

### विवेकानंद के विचारों को युवाओं तक पहुंचाना जरूरी : पाण्डेय



**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम ने स्वामी विवेकानंद जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, आयुक्त, निगम कर्मचारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत धरमपुरा स्थित पीजी कॉलेज परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर भाजपा पार्षदों ने गजमाला एवं पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन ने कहा कि आपसी सद्भाव और सहयोग के माध्यम से ही स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार किया जा सकता है। भारत को पुनः विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित किया जा सकता है। निगम सभापति योगेंद्र पांडे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को विशेष रूप से युवाओं तक पहुंचाना आज की आवश्यकता है। राष्ट्र का उत्थान और समग्र विकास ही स्वामी की सबसे बड़ी चिंता थी। संचालन एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा ने तथा आभार प्रदर्शन पार्षद पूनम सिन्हा ने किया। इस अवसर पर निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, बाबुल नाग, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, श्वेता बघेल, आशा साहू, संतोष गौर, राजपाल कसेर, गायत्री बघेल, नेहा ध्रुव, बसंती समरथ, पूनम सिन्हा, उमा मिश्रा, लोकेश चौधरी, गिरजा गुप्ता, माहेश्वरी ठाकुर, सुधा मिश्रा, ममता सिंह राणा, गीता नाग, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, रितेश सिन्हा सहित पार्षद एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# पिकअप ने बाइक व स्कूटी को मारी टक्कर तीन घायल, हेलमेट के कारण बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बेखौफ और तेज रफ्तार पिकअप वाहन पूरी तरह से बेलगाम हो चुके है। यातायात नियमों को अवहेलना करते हुए पिकअप चालकों द्वारा दुर्घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। सोमवार को हुए दो अलग हादसों में तेज रफ्तार पिकअप वाहन चालकों की लापरवाही से बाईक व स्कूटी के चालक घायल हो गए। गनीमत थी कि दोनों वाहनों के चालको ने हेलमेट लगा रखा था इसलिए उनकी जान बच गई। पहली घटना दलपता सागर मार्ग में हुआ जब तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक सीजी 17 केएन 2404 के चालक ने सामने से आ रही बाईक क्रमांक सीजी 17 केएक्स 9690 को अपनी चपेट में ले लिया। पिकअप चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से आ रही बाइक सवार को जबरदस्त टक्कर मारी इस हादसे में बाईक चालक तो हेलमेट लगाने की वजह से बच गया उसे मामूली चोटें आई लेकिन टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक के दो टुकड़े हो गए इससे ही पिकअप की स्पीड व दुर्घटना का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची यातायात पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त मोटर साईकल को यातायात दफ्तर लेकर गई और मामले की जांच कर रही है।

## हेलमेट से बाल बाल बचे नहीं तो जा सकती थी जान







### दूसरा हादसा मेडिकल कालेज के पास

सोमवार को ही दूसरा हादसा मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के करीब अशोका लीलैंड के सामने हुआ। भाई-बहन स्कूल जाने के लिए अपनी स्कूटी से जा रहे थे कि अचानक सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में स्कूटी का सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहीं घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर आ पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। परपा पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि पिकअप के अधिकतर चालक यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए तेज रफ्तार से वाहन चलाते है जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

### कोहकामेटा थाना के ग्राम जटवर में नए जनसुविधा कैंप खुलने से लोगों को मिलेगी राहत

# नक्सलमुक्त बस्तर के लक्ष्य के लिए जटवर में खुला इस वर्ष का पहला कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नारायणपुर पुलिस व सीमा सुरक्षा बल द्वारा नक्सल मुक्त भारत एवं नक्सल मुक्त छग के लक्ष्य को प्राप्त करने वर्ष 2026 का पहला कैम्प कोहकामेटा थाना क्षेत्र के ग्राम जटवर में खोला गया। इससे पूर्व वर्ष 2025 में नारायणपुर जिले में 27 सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया था। लगातार खुल रहे कैम्प व सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान की वजह से गत वर्ष पुलिस को भारी सफलता मिली थी और माड़ में कई सेण्ट्रल कमेटी मेंबर व खूंखार नक्सलियों को मार गिराया गया था।

- माड़ बचाओ अभियान के तहत वर्ष 2025 में खोले गए थे 27 कैम्प

गौरतलब है कि माड़ बचाओ अभियान के तहत थाना कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम जटवर में आईजी सुन्दराज पट्टलिंगम, डीआईजी अमित कांबले, एसपी रोबिनसन गुरिया व अन्य अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैंप नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं बीएसएफ 86 वीं वाहिनी, 178 वीं वाहिनी, 83 वीं वाहिनी और 133 वीं वाहिनी द्वारा खोला गया। जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में नारायणपुर पुलिस द्वारा नक्सलमुक्त सशक्त बस्तर की कल्पना को साकार रूप देने क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी माड़ बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही अबूझमाड़ में लगातार नवीन कैम्प स्थापित करते हुए सड़क पुल-पुलिया निर्माण सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को अंदरूनी गांव तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। एसपी रोबिनसन गुरिया ने बताया कि थाना कोहकामेटा के ग्राम जटवर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों एवं कोहकामेटा-कच्चापाल-परियादी एक्सिस तक सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा प्रदान करने एवं विकास कार्यो में सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से नारायणपुर पुलिस ने धूर नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र माओवादियों के आश्रय स्थल ग्राम जटवर में नवीन कैम्प स्थापित किया है।






### वर्ष 2025 के बाद पहला कैम्प

एसपी ने बताया कि माड़ बचाओ अभियान के तहत वर्ष 2025 में नक्सलियों के अघोषित राजधानी कुतुल सहित कोडलियार, बेड़माकोटी, पदमकोट, कंडुलपार, नेलांगुर, पांगूड़, रायनार, एडजूम, ईदवाया, आदेर, कुड़मेल, कोंगे, सितरम, तोके, जाटलूर, धोबे, डोडीमरका, पदमेटा, लंका, परियादी, काकुर, बालेबेड़ा, कोडेनार, कोडनार, आदिनपार और मन्दोड़ा में 27 नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप स्थापित किया गया था। इसके बाद कोहकामेटा थाना क्षेत्र के जटवर में वर्ष 2026 का यह पहला कैम्प खोला गया है।

### ग्रामीणों में उत्साह व सुरक्षा का माहौल

ग्राम जटवर में नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। नवीन कैम्प जटवर थाना कोहकामेटा क्षेत्र में स्थित है जो जिला मुख्यालय नारायणपुर से 54 किलोमीटर थाना कोहकामेटा से 26 किलोमीटर, कच्चापाल से 17 किलोमीटर और कोडनार से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जटवर में नवीन कैम्प स्थापित होने से आसपास के क्षेत्र कोगाली, वारापिद्दा, वडापेंदा, करकाबेड़ा, गुरगापदर, घमण्डी और जटवर में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। एसपी ने कहा कि अब क्षेत्र में सुरक्षा के निगरानी में सड़क निर्माण सहित अन्य सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा।

# चार दिन बाद लापता छात्र का इन्द्रावती के डोंगाघाट में मिला शव





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

चार दिन से लापता छात्र का शव सोमवार को इन्द्रावती नदी के डोंगाघाट से काफी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किया है। शव निकालने के बाद पीएम के लिए मेकाज रवाना किया गया।

गौरतलब है कि रायगढ़ से नाना नानी के घर जगदलपुर आए 17 वर्षीय अंश श्रीवास्तव पिछले 8 जनवरी से लापता हो गया था। उसकी स्कूटी इन्द्रावती के नए पुल के पास से बरामद किया गया था इसके बाद से ही नदी में उसकी तलाश की जा रही थी। वहीं उसने अपने माता-पिता और भाई से चैट जीपीटी के माध्यम से माफी मांगते हुए खुद को असफल बताया है। मैसेज में लिखा गया है कि उसने किसी और को अपनी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराए और परिजनों से न रोने करने की अपील की थी। काफी प्रयास के बाद गोताखोंरो की टीम ने 17 वर्षीय छात्र अंश श्रीवास्तव का शव इंद्रावती नदी के डोगांघाट के पास बरामद करने में सफल रही। सोमवार सुबह सर्च ऑपरेशन के दौरान शव को नदी से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि अंश श्रीवास्तव जगदलपुर के सन सिटी कॉलोनी में स्थित अपने नानी के घर में रहकर 15 दिन पूर्व से जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहा था। परिजनों के मुताबिक परीक्षा परिणाम के बाद से वह मानसिक रूप से काफी दबाव में था और खुद को असफल मानने लगा था। शव मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए मेकाज रवाना कर आगे की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक अंश के पिता साउथ अफ्रीका में इंजीनियर हैं जो घटना की जानकारी लगने के बाद जगदलपुर पहुंच गए थे वहीं शव मिलने के बाद पूरा परिवार शोक में डूबा हुआ है।

- एसडीआरएफ की टीम में काफी प्रयास के बाद तलाश किया

# विश्वविद्यालय में उमंग खेल स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में अधिकारियों,कर्मचारियों एवं प्राध्यापकों के लिए प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली बहुप्रतीक्षित खेल स्पर्धा उमंग 2026 का शुभारंभ सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस अवसर पर उद्घाटन मुकाबले के रूप में कुलपति इलेवन और कुलसचिव इलेवन के बीच एक रोमांचक प्रदर्शनी क्रिकेट मैच खेला गया, जिसने पूरे आयोजन में जोश और उमंग का संचार कर दिया।

उमंग 2026 के अंतर्गत क्रिकेट के साथ-साथ शतरंज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस,हैंडबॉल एवं कैरम जैसी विविध खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इन खेलों का उद्देश्य न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है,बल्कि आपसी सौहार्द, सहयोग,अनुशासन और टीम भावना को भी सुदृढ़ करना है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के आयोजन कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ मानसिक ताजगी और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे,जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो मनोज श्रीवास्तव एवं कुलसचिव सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी,कर्मचारी और प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।





गोलबाजार चौक में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ

# मनरेगा बचाओ संग्राम पर लाठीचार्ज और गिरफ्तारी का विरोध, पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मनरेगा बचाओ संग्राम के शांतिपूर्ण आंदोलन पर हुए लाठीचार्ज, छात्रों की पिटाई और एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में शहर के गोलबाजार चौक में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। छत्तीसगढ़ एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने मोदी–योगी सरकार का पुतला दहन कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। शहर जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में छात्र एवं युवा नेताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन और मनरेगा जैसी जनहितकारी योजनाओं को कमजोर करने की निंदा की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन पर लाठीचार्ज और राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है। प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया ने कहा कि एनएसयूआई पूरे प्रदेश में इस अन्याय के खिलाफ सड़क पर है और मनरेगा को कमजोर करने की साजिश को सफल नहीं होने देंगे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन, प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया, निगम पार्षद लोकेश चौधरी, विश्वविद्यालय अध्यक्ष पंकज केवट सहित दर्जनों छात्र नेता और युवा उपस्थित थे।



### हक की लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और गरीबों के हक की रक्षा का संदेश देते हुए सरकार का पुतला दहन किया। छात्र नेताओं ने बताया कि यह विरोध शांतिपूर्ण था और इसका उद्देश्य लोगों को जागरूक करना तथा मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को बचाना था। विरोध में उपस्थित युवा और छात्र अपने हक की लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दो धान संग्रहण केंद्र का किया निरीक्षण

# नियानार व बिरिंगपाल धान संग्रहण केंद्र में हुआ घोटाला : बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज ग्राम नियानार और बिरिंगपाल धान संग्रहण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला प्रभारी शकील रिजवी, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य व धान खरीदी केंद्र जांच समिति के संयोजक उमाशंकर शुक्ला व सदस्य शामिल थे। बैज ने कहा नियानार में 1 लाख 46 हजार क्विंटल धान पूरी तरह से खराब हो गया है, जिसका सरकार को जवाब देना चाहिए। आखिर इस धान का क्या होगा खराब हुए धान को नए बोरों में भरा जा रहा है और धान घोटाले, भ्रष्टाचार को छुपाने का भरकस प्रयास सरकार कर रही है। इतना ही नहीं खुले पड़े धानों को बचाने नहीं बल्कि खराब धानों को छुपाने अब तालपतरी से भी ढांका जा रहा है ताकि निरानार में हुए घोटाले, भ्रष्टाचार को छुपाया जा सके। नए बोरो में भरकर अब इस धान को जबरन मिलर्स को खपाने दिया जा रहा है।

- ढाई लाख क्विंटल से अधिक का मामला



श्री बैज ने कहा धान संग्रहण केंद्र बिरिंगपाल में भी लगभग 75000 क्विंटल धान पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। धान खरीदी पर सरकार की मंशा शुरू से ही गंभीर नहीं रही है। पिछले दो साल का धान लगभग 1.40 लाख क्विंटल पानी में बर्बाद हो गया, पूरी तरह से खराब हो गया। भाजपा की साय सरकार बताए पिछले साल का धान का उठाव क्यों नहीं हुआ। आखिर इस खराब धान का सरकार क्या करेगी। स्थानीय ग्रामीण का कहना है कि धान खरीदी करने के बाद धान को खुले में बरसात में भीगने के छोड़ दिया गया। किसानों की मेहनत का धान पूरी से बर्बाद हो गया। मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक को जवाब देना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष अनीता पोयाम, कविता साहू, वीरेंद्र परिहार, महामंत्री अल्ताफ उल्ला खान, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, फूलसिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष भोजराज नाग, सरपंच धरम, रविशंकर तिवारी, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा, ग्रामीण अध्यक्ष अभिषेक डेविड,अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, वैभव नेताम, हेमंत पांडे,इन्द्र झझ, अंनफाज खान, प्रदीप, खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

# पंचायतों की बुलाई सभा में उठे बगावत के स्वर

### पुरानी ग्रामसभा के दस्तावेजों को रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



भांसी डिपोजिट 4 का मामला तूल पकड़ चुका है। युवाओं ने राजा बंगला तक बाइक रैली निकाल कर पहाड़ को बचाने का संकल्प लिया था वो आग अब ज्वालामुखी बनती जा रही है। भांसी पहाड़ को बचाने के लिए चारों तरफ से विरोध के स्वर उठ रहे है। जिसका हालिया प्रमाण देखा गया जब कंपनी, जिला प्रशासन के साथ प्रभावित पंचायतों की संयुक्त बैठक बुलाई गई, जिसमे बीजापुर, दंतेवाड़ा जिले के ग्रामीण जनप्रतिनिधि मौजूद थे। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कांग्रेस के जिला प्रवक्ता विमल सलाम ने कहा कि एक कंपनी, जिला प्रशासन जनता को गुमराह कर रही है। ग्रामीणों का विरोध साफ तौर पर दशार्ता है कि कोई भी स्थानीय प्रभावित ग्रामीण अपनी जमीन इस माइनिंग के लिए नही देना चाहता है।

बैठक में हुए विरोध से साफ तौर पर यह समझ आता है कि भविष्य में बस्तर में भी हसदेव जैसा माहौल बनने वाला है। उन्होंने स्थानीय युवाओं की बात का समर्थन करते हुए कहा कि आज का युवा जाग चुका है और अगर जोर जबरदस्ती की स्थिति बनी तो अपनी जल जंगल जमीन की रक्षा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते है। विमल ने ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### सिवनी मंडल में 13 को विराट हिंदू सम्मेलन

**धमतरी।** सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं हिन्दू समाज में एकता के लिए सिवनी खुर्द मंडल के ग्राम झुरानवागांव में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दू सम्मेलन के पूर्व पांच दिवसीय राम कथा होगी। व्यासपीठ पर राष्ट्रीय संत श्रीश्री मोहित पाठक विराजमान रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वंदेमातरम समिति, हिंदू सम्मेलन के स्वयंसेवक शत्रुहन राजपूत, मनोज ध्रुव, टीकाराम साहू, रूपचंद साहू प्रेमनारायण साहू, आशाराम साहू जुटे हैं।

### सिलघट मड़ई 15 को

**कोर्रा (भखारा)।** ग्राम सिलघट में 15 जनवरी को मडई का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए रेगाकठेरा अंबागढ़ चौकी का नाच का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी ग्राम प्रमुख नरेंद्र साहू, नरोत्तम सिन्हा, भुनेश्वर सिंहा आदि ने दी है।

### कोलियारी में मड़ई 19 को

**अंवरी।** ग्राम कोलियारी (भखारा) में ग्रामवासियों के सहयोग से 19 जनवरी को मड़ई मेला आयोजित किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए घीना अर्जुंदा का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मुकेश साहू ने दी।

### रेलवे स्टेशन चरमुड़िया में मड़ई 17 को

**डांडेसरा (धमतरी)।** ग्राम चरमुड़िया रेलवे स्टेशन पारा में 17 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में माटी के सिंदूर छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी बूटाकसा मानपुर मोहल्ला की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सुनील ध्रुव, नारायण साहू, बी भवानी पटनायक, रामलाल ध्रुव, तुलसी यादव, शेषनारायण पटेल, विश्राम रात्रे जुटे हुए हैं। यह जानकारी नीतू तोड़ेकर सरपंच ने दी है।

# भाजपा युवा मोर्चा की पहल, युवाओं ने लिया स्वदेशी अपनाने का संकल्प

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर कोंडागांव में स्वदेशी संकल्प दौड़ का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ का शुभारंभ एनसीसी ग्राउंड से हुआ, जो रेस्ट हाउस, मेन रोड, राम मंदिर, मंडी रोड, संत सेवालाल चौक होते हुए पुनः एनसीसी ग्राउंड में समाप्त हुई। बड़ी संख्या में युवाओं ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी तथा नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग प्रथम प्रदीप कुमार, द्वितीय संजय कोर्राम, तृतीय मनजीत मरकाम महिला वर्ग, प्रथम पार्वती नेताम, द्वितीय जामेश्वरी कोर्राम, तृतीय अमृता कोर्राम इसके अतिरिक्त दोनों वर्गों के 10 प्रतिभागियों को विधायक लता उसेंडी द्वारा सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

### स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प

विधायक लता उसेंडी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं और हर घर में स्वदेशी उत्पादों का अधिकाधिक उपयोग कर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने युवाओं से शिक्षा के साथ–साथ पारंपरिक शिल्पकला को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।



### युवा मोर्चा ने युवाओं को फिटनेस और राष्ट्रहित से जोड़ा

भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेश देवांगन ने कहा कि खेलकूद, व्यायाम और स्वदेशी अपनाना युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। वहीं मंडल महामंत्री शीतल पटेल ने आमजन से भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की अपील की।

### बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता रहे मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज जैन, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सुराना, संतोष पात्र, मंडल अध्यक्ष कुलवंत चहल, पार्षद सुमन शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि, युवा मोर्चा पदाधिकारी, पूर्व सैनिक परिषद के सदस्य, खेल विभाग के अधिकारी एवं सैकड़ों प्रतिभागी उपस्थित रहे। स्वदेशी संकल्प दौड़ ने कोंडागांव में युवाओं के भीतर राष्ट्रप्रेम, फिटनेस और आत्मनिर्भरता का संदेश मजबूत किया।

## कांग्रेस भवन कोंडागांव में मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर तीखा हमला

# मनरेगा पर भाजपा की साजिश उजागर : रेखचंद जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



पूर्व विधायक जगदलपुर एवं पूर्व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम से संचालित योजना मनरेगा को कमजोर करने की कोशिश कर भाजपा ने अपना द्वेष एक बार फिर उजागर कर दिया है। कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

- महात्मा गांधी के नाम से भाजपा का द्वेष सामने आया

रेखचंद जैन ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि गरीबों का संवैधानिक अधिकार है। केंद्र सरकार इस अधिकार को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। यूपीए सरकार के समय शुरू हुई इस योजना को अब पूंजीपतियों को खुश करने के लिए कमजोर किया जा रहा है।

### राज्यों पर बढ़ाया आर्थिक बोझ

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा में राज्यों के हिस्से की राशि बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी है। इससे पहले से आर्थिक संकट झेल रहे राज्यों की स्थिति और खराब होगी। साथ ही अब काम केंद्र की मर्जी से चयनित जिलों में ही होगा, जिससे गरीब मजदूरों को नुकसान होगा। जैन ने कहा कि सीएजी सहित 200 से अधिक रिपोर्टों में मनरेगा को सफल और प्रभावी योजना बताया गया है। कोविड काल में इस योजना ने लाखों लोगों को रोजगार देकर राहत दी, जिससे भाजपा के दुष्प्रचार की पोल खुल गई।

### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत काम के अधिकार की सुरक्षा, पंचायत की शक्तियों की बहाली, न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन, पलायन रोकने के लिए योजना को मजबूत करने की मांग की है।

### प्रेस वार्ता में कई नेता रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि घोष, पूर्व विधायक संतराम नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, नेहरू राम मंडावी, विरेश साहू, जेपी यादव, झुमुक लाल दीवान सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मानकूराम सोढ़ी को दी श्रद्धांजलि

प्रेस वार्ता से पहले कांग्रेस नेताओं ने अविभाजित बस्तर के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय मानकूराम सोढ़ी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को स्मरण किया। कुल मिलाकर, कोंडागांव में मनरेगा को लेकर कांग्रेस का आंदोलन तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

## वीरांगना रमौतीन कॉलेज में भ्रष्टाचार का मामला, प्रिंसिपल सहित 5 सहायक प्रध्यापक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले में स्थित नवीन वीरांगना रमौतीन माड़िया शासकीय आदर्श महिला महाविद्यालय में जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी-बिक्री में भ्रष्टाचार का गंभीर मामला सामने आया है। मामले में कॉलेज के प्रिंसिपल सहित 5 सहायक प्रध्यापक निलंबित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश क्रमांक ईएसटीबी-1024/1222/2025/38-1 के अनुसार पी.एम. उषा मद से आबंटित राशि के उपयोग में गड़बड़ी पाई गई है। जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय में आर्थिक अनियमितता तथा छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 (संशोधित 2025) का पालन नहीं किया गया। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत पाया गया है।

### निलंबित अधिकारी-कर्मचारी

डॉ. योगेन्द्र कुमार पटेल प्रिंसिपल भूषण जय गोयल – सहायक प्राध्यापक किशोर कुमार कोठारी – सहायक प्राध्यापक हरीश चंद बैद – सहायक प्राध्यापक नोहर राम – सहायक प्राध्यापक इन सभी को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत निलंबित किया गया है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर बड़ेडोगर में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



ब्लॉक के ग्राम बड़ेडोगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने स्वामी विवेकानंद, भगिनी निवेदिता, एवं रामकृष्ण परमहंस के स्वरूप धारण कर समाज को उनके आदर्शों का संदेश दिया। शोभायात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई, जिसका ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, चरित्र निर्माण, एवं महापुरुषों के विचारों से परिचय कराना रहा। इस अवसर पर विशेष रूप से सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य श्यामा नाग, मनीषा गावड़े, राखी निषाद, सुनीता राना, चिन्तामढ़ी राना, राकेश मांझी, पुष्पराज राना, गुलब्सा नाग,व समस्त पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन व विचारों पर प्रकाश डाला गया।

# राष्ट्रीय स्तर पर श्रेया को मिला कांस्य पदक

- भोपाल में आयोजित 10 मीटर रायफल शूटिंग में किया बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



भोपाल में शालेय खेलकूद प्रतियोगिता 69वीं का आयोजन किया गया था। यह स्कूल स्तर की सर्वोच्च राष्ट्रीय प्रतियोगिता थी, जिसमें देशभर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से चयनित उत्कृष्ट रायफल शूटिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता के 10 मीटर ओपन साइट रायफल शूटिंग (अंडर-14 वर्ग) में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, धमतरी की कक्षा 7वीं की छात्रा श्रेया देवांगन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

उल्लेखनीय है कि श्रेया ने गत वर्ष भी इसी प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था। कम उम्र में भी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना उनकी प्रतिभा और निरंतर मेहनत को दर्शाता है। शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक श्रवण देवांगन की सुपुत्री श्रेया ने इसी वर्ष सितंबर माह में चंडीगढ़ स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित केवीएस राष्ट्रीय 10 मीटर ओपन साइट रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया था। सीमित संसाधनों के बावजूद छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य से प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है। रायफल शूटिंग प्रशिक्षक एस.के. पाण्डेय के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही श्रेया राष्ट्रीय स्तर की पहचान बन चुकी हैं। प्रशिक्षक का कहना है कि यदि ऐसे होनहार खिलाड़ियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, तो वे भविष्य में प्रदेश और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकते हैं। श्रेया ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और निरंतर सहयोग को दिया है।

# साप्ताहिक बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक पर नपं ने की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



कोण्डागांव जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक और प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग पर रोक लगाने के लिए नगर पालिका और नगर पंचायत द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को नगर पंचायत की टीम ने फरसगांव के साप्ताहिक बाजार में छापेमारी कर अवैध रूप से रखे गए सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलिथीन को जब्त किया और 26 दोषी दुकानदारों से कुल 2550 रुपये का जुर्माना वसूला।

फरसगांव नगर पँचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर जिलेभर में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सभी ब्लॉकों में दुकानों और बाजारों की जांच की जा रही है तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर जब्ती व जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को फरसगांव के साप्ताहिक बाजार में निरीक्षण के दौरान कई दुकानदारों के पास सिंगल यूज प्लास्टिक और प्रतिबंधित पॉलिथीन पाई गई, जिसे मौके पर जब्त किया गया। नगर पँचायत की टीम ने दुकानदारों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े, जूट या कागज के थैलों का उपयोग करें।

## बस स्टैण्ड के पास युवक का मिला शव

**धमतरी।** रविवार सुबह बस स्टैण्ड के पास एक युवक का लाश मिली। आसपास के लोगों ने युवक को अचेत अवस्था में देखकर कोतवाली थाना को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस स्टाफ एवं वरदान परामर्श एम्बुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान मौके पर पहुंचे और युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ग्राम ईर्रा निवासी दुलेश्वर साहू 26 वर्ष पिता चोवाराम साहू के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ईर्रा सरपंच सूर्यकांत साहू के अनुसार दुलेश्वर धमतरी के किराना स्टोर्स में काम करता था।

# सब्जी बाजार में दामों की दो तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



शहर के चिल्हर सब्जी बाजारों में इन दिनों सब्जियों के दामों की तस्वीर साफ तौर पर दो हिस्सों में बटी नजर आ रही है। एक ओर लौकी, तोराई, टमाटर, कद्दू और केला जैसी सब्जियां आम लोगों की पहुंच में है, वहीं दूसरी ओर करेला, भिंडी, बरबटी और ग्वारफल्ली जैसी हरी सब्जियां मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ रही हैं।

बाजार में लौकी, तोराई, डोड़का, टमाटर और कद्दू 20 से 40 रुपये किलो के बीच बिक रहे हैं, जबकि करेला और भिंडी के दाम 80 रुपये किलो से ऊपर बना हुआ है। इस असमान मूल्य का असर यह हो रहा है कि मध्यमवर्गीय परिवार स्वाद और पोषण से दूर मजबूरी में सस्ती सब्जियों को ही थाली में शामिल कर रहे हैं। सब्जी व्यापारी रोशन पटेल का कहना है कि अच्छी गुणवत्ता की सब्जियों का उत्पादन पर्याप्त मात्रा में हो रहा है, लेकिन उनका बड़ा हिस्सा शहर के बाहर अन्य जिलों और बड़े महानगरों की ओर भेज दिया जाता है। इसके अलावा आसपास के राज्यों में भी सब्जियों की सप्लाई होने से स्थानीय बाजार में उनकी उपलब्धता घट जाती है, जिससे दाम तेजी से बढ़ जाते हैं। रविवार को इतवारी बाजार में पसरा लगाकर सब्जी बेच रहे भुवन पटेल ने बताया कि भटा 20, गाजर 30, कुंदरु 50, करेला 80, बरबटी 60, भिंडी 80, ग्वारफल्ली 60, कद्दू 30, टमाटर व गोभी 40, मुनगा 150, हरी मिर्च 80, केला 20, पत्ता गोभी 20, डोड़का 50, तोराई 50, कोचाई 60, हरा धनिया 30, मूली 20, ढेस 100, लौकी 20, परवल 60, कटहल 60, सेमी 30, गोभी 20, हरा मटर 40 और मेथी भाजी 40 रुपये किलो के भाव से बिकी। उधर किराना बाजार में जरूरी खाद्य पदार्थों के दाम स्थिर लेकिन आम आदमी की जेब पर भारी बने हुए हैं। आलू 20, प्याज 30, शक्कर 43, गुड़ 55, हल्दी 200, धनिया 150, जीरा 260, काली मिर्च 800, लहसुन 150, रिफाइंड तेल 120, सरसों 100 रुपये किलो बिक रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित

# जपं फरसगांव में लगा दो दिवसीय लर्निंग लाइसेंस शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जिला परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 12 से 23 जनवरी तक कोंडागांव जिले के विभिन्न स्थानों पर लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में सोमवार को जनपद पंचायत फरसगांव में दो दिवसीय लर्निंग लाइसेंस शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में फरसगांव क्षेत्र के आमजनों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर लर्निंग लाइसेंस प्राप्त किये। फरसगांव के जनपद पंचायत में मंगलवार को भी शिविर का आयोजन किया। जिसके बाद 16 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत विश्रामपुरी में, 19 एवं 20 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत केशकाल में 21 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत माकड़ी में, 22 एवं 23 जनवरी 2026 को जिला परिवहन कार्यालय कोण्डागांव में लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैय्या ने जानकारी देते हुए बताया गया कि उक्त दो दिवसीय शिविर में परिवहन विभाग द्वारा आवेदकों से वांछित दस्तावेज प्राप्त कर ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कराकर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क लेकर विधिवत लर्निंग लाइसेंस जारी करने संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर तत्काल लर्निंग लाइसेंस प्रदाय किया जा रहा है।

## पेज 11 के शेष

### पंचायतों की बुलाई ...

इस बात का समर्थन देते हुए कहा कि अगर जबरन खनन किया गया तो हर युवा अपने हाथ में संविधान लिए अपने पारंपरिक हथियारों के साथ विरोध करेगा। विमल ने कहा कि जब संयुक्त बैठक बुलाई गई तो उसमें एक बात स्पष्ट तौर पर निकल कर आई कि कंपनी के पास ग्रामीणों के विकास का कोई कार्ययोजना नही है। जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि आप पहाड़ दीजिए हम विकास करेंगे। जिससे साफ तौर पर यह समझ आता है कि कंपनी का एकमात्र मुद्दा सिर्फ पहाड़ हासिल करना है। विमल ने कहा कि इससे कंपनी की मंशा साफ समझ आती है कि वो सिर्फ यहां खनन करना चाहती है।

## खबर संक्षेप

### नक्सल पीड़ितों की मदद और नए कानूनों के पालन पर दिया जोर



**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय में आज कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस मैराथन बैठक में जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास, नए कानूनों के क्रियान्वयन, सड़क सुरक्षा और नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और आवश्यक निर्देश जारी किए। बैठक का आरंभ राहत एवं पुनर्वास से जुड़े मामलों की समीक्षा के साथ हुआ। कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए नक्सल हिंसा में जान गंवाने वाले नागरिकों के आश्रितों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने और घायलों को हर संभव मदद देने पर जोर दिया। उन्होंने नक्सल पीड़ित परिवारों के सदस्यों को शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति देने की प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति जांची और अधिकारियों को इसे प्राथमिकता देने को कहा।

### सीईओ ने विकास कार्यों की प्रगति को देखा



**दंतेवाड़ा।** कुआकोंडा विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आज जिला पंचायत सीईओ ने विकास एवं आजीविका से जुड़ी योजनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। गांव में स्थापित वायु से जल निर्माण वाटर स्ट्रक्चर की सफाई, फेंसिंग, दिशा-निर्देश और संचालन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। सीईओ ने रेडी-टू-ईट यूनिट और आजीविका सेवा केंद्र का निरीक्षण कर स्व-सहायता समूहों से संवाद किया तथा उनकी गतिविधियों व गुणवत्ता को परखा। ग्रामीणों और किसानों से मिलकर उन्होंने शासकीय योजनाओं के लाभ, समस्याएं और आवश्यकताओं के संबंध में चर्चा की।

### देवी दर्शन के बाद एक मांग एक मंच अभियान के दूसरे चरण का शंखनाद

# हक की हुंकार अब चुप नहीं रहेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश के साढ़े चार लाख कर्मचारियों और एक लाख चवालीस हजार पेंशनरों की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर शुरू हुआ एक मांग एक मंच अभियान अब निर्णायक मोड़ पर पहुँचता दिखाई दे रहा है। देय तिथि से महंगाई भत्ता और वर्ष 2017 से लंबित 80 महीनों के डीए एरियर्स की मांग अब केवल ज्ञापन नहीं, बल्कि जन-संकल्प का रूप ले चुकी है।

अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत देवी दंतेश्वरी के दर्शन के पश्चात की गई, जो इस संघर्ष को केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक बल भी प्रदान करता है। इसके तहत सिंधी कॉलोनी धर्मपुर और राजमहल




के सामने स्थित बापू की कुटिया में दो अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं,जहाँ कर्मचारियों और पेंशनरों का आक्रोश, संयम और संकल्प एक साथ दिखाई दिया।

बैठकों में यह स्पष्ट शब्दों में कहा गया कि बीते आठ वर्षों से कर्मचारी वर्ग को केवल आश्वासन मिलते रहे, अधिकार नहीं। जिन संगठनों ने अब तक नेतृत्व किया,वे कर्मचारियों को उनका हक़ दिलाने में असफल रहे। इसी असंतोष से जन्मा यह अभियान अब एक मांग, एक मंच,एक आवाज़ की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है।

यह भी बताया गया कि पहले चरण में 16 हजार कर्मचारियों और पेंशनरों के हस्ताक्षर वित्त सचिव को सौंपे जा चुके हैं। फरवरी तक पांचों संभागों में बैठकें पूरी कर राजधानी रायपुर में निर्णायक सम्मेलन की तैयारी की जाएगी,जहाँ आंदोलन की तिथि तय होगी। साफ संदेश था,अब प्रतीक्षा नहीं,संघर्ष होगा।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यह लड़ाई किसी संगठन की नहीं, बल्कि सम्मान,अधिकार और भविष्य की है। कर्मचारी वर्ग ने यह ठान लिया है कि अब उनकी आवाज़ सिर्फ फाइलों में नहीं, सड़कों पर भी गूंजेगी।कार्यक्रम में प्रदेश संचालन समिति के अध्यक्ष करन सिंह अटेरिया ने अभियान के उद्देश्यों को विस्तार से रखते हुए कर्मचारियों से अपील की कि वे बिना किसी संगठनात्मक भेदभाव के इस संघर्ष से जुड़ें। इस अवसर पर चंद्रिका सिंह ने सभी कर्मचारी संगठनों को एक मंच पर लाने के प्रयास की खुलकर सराहना की। बैठक को जितेंद्र सिंह ठाकुर, विद्याभूषण दुबे, जगदीश सिंह बामल, जीएस पांडे, जी शाही, अनंत मेहतो, डीडी सिंह, आरएस सूर्यवंशी,केआर रात्रे, राजेंद्र सिंह चौहान, केके मेहतो और एचवाई कुकडे ने भी संबोधित किया। इस दौरान डॉ ओपी शंखवार,रमेश्वरी टंडन, सुनीता सूरी, सतीश चंद्राकर, बलिराम कश्यप सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और पेंशनर उपस्थित रहे।

### इस आंदोलन का रोडमैप

यह आंदोलन केवल मांगों की सूची नहीं, बल्कि संघर्ष की रणनीति है। पहले चरण में हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से कर्मचारियों की वास्तविक संख्या और समर्थन को दर्ज किया गया। दूसरे चरण में संभाग स्तर पर बैठकें कर संगठनात्मक मजबूती दी जा रही है। तीसरे चरण में राजधानी रायपुर में महाआंदोलन की रूपरेखा तय होगी। चौथे चरण में सरकार पर प्रत्यक्ष दबाव बनाया जाएगा। और अंतिम चरण में या तो न्याय मिलेगा,या आंदोलन और तेज़ होगा।

### सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ ने दोनों वर्गों में जीता पदक

# सॉफ्टबॉल में बालिकाओं ने गोल्ड और बालकों ने कांस्य पद जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

38वीं सब जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चौंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की सॉफ्टबॉल बालिका टीम ने स्वर्ण पदक जीता। नेशनल चौंपियनशिप का आयोजन पटौदा, जिला झज्जर हरियाणा में 9 से 12 जनवरी के मध्य आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने शुरू से ही अपना दबदबा कायम रखा छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 10-0 से हराकर अपनी पारी की

■ छग बालिका टीम ने शुरू से ही अपना दबदबा रखा कायम

जोरदार शुरुवात की, फिर जम्मू-कश्मीर को 9-0 हराया, लेकिन मेजबान हरियाणा से संघर्षपूर्ण मैच में 3-2 से हार गई। लीग मैच में आंध्रप्रदेश जो कि पिछले वर्ष की रजत पदक विजेता टीम थी उसको 13-3 से हराकर प्रतियोगिता में फिर से वापसी की और अपने को प्रतियोगिता में बनाए रखा। अगले मैच में केरल को 1-0, मध्य प्रदेश को 3-0 एवं राजस्थान को 3-1 से हराकर फाइनल में पहुंची।

फाइनल हरियाणा के साथ हुआ, पिछली हार का बदला लेने के लिए छत्तीसगढ़ की टीम पूरे




उत्साह एवं जोश के साथ मैदान में उतारी एवं शुरू से ही अपने आक्रामक बल्लेबाजी से विपक्षी टीम को दबाव में ला दिया। पहले इनिंग में टॉस हारने के बाद छत्तीसगढ़ की टीम ने हरियाणा को शून्य में आउट किया तथा अपनी इनिंग में एक रन बनाकर आगे हो गई, लेकिन दूसरी इनिंग में हरियाणा ने वापसी की एवं अपने को बराबरी में लाया लेकिन फिर से छत्तीसगढ़ ने 2 रन और बनाए तथा लगातार छत्तीसगढ़ की टीम आगे होते रही। पांचवें इनिंग के अंत में छत्तीसगढ़ में यह मैच 9-3 से जीत लिया। इस मैच में बीजापुर की शिल्पा ने जोरदार बैटिंग की तथा बीजापुर की ही पीचर अनुराधा ने हरियाणा की टीम को बांधकर रखा। इस तरह से छत्तीसगढ़ ने हरियाणा से अपनी पिछली हार का बदला भी चुकाया और प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। यह उल्लेखनीय है की सॉफ्टबॉल बालिका वर्ग में पहली बार स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है।

प्रतियोगिता के दौरान छत्तीसगढ़ टीम में बीजापुर की खिलाड़ी शिल्पा मरपल्ली ने दो बार शानदार होम रन हिट किया, बीजापुर की ही अनुराधा कोवासी ने शानदार पिचिंग करके विपक्षी टीम की बैटिंग लाइन को बांध कर रखा और रन बनाने नहीं दिया तथा बीजापुर की ही अस्मिता मरपल्ली ने शानदार स्लाइड करके अपनी टीम के लिए रन बनाए। जयपुर की सपना खलखो ने चोट लगने के बावजूद भी अपनी टीम के लिए शानदार कैचिंग की। बालिका वर्ग में बीजापुर से, त्रिवेणी मरपल्ली, अस्मिता मरपल्ली, अनुराधा कोवासी, रिंकी हेमला, शिल्पा मरपल्ली, जशपुर से सिमरन खलखो , सपना खलखो ,आराधना तिग्गा,सोनिया एक्का, बेमेतरा से सरिता सिन्हा, केवरा निषाद, राजनांदगांव से सुजल मेश्राम, रोहिणी यादव, दुर्ग से आस्था वाघाडे, रायपुर से पूनम कोपरकर, कवर्धा से सौम्या चंद्राकर, प्रशिक्षक सोनाली साव एवं प्रीति वर्मा, मैनेजर अंजू टांडी सम्मिलित थे।

छत्तीसगढ़ के बालक टीम ने भी अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं गोवा को 15-0 से हराकर बेहतरीन शुरुआत की। इसके बाद गुजरात को 8-0 से हराकर सुपर लीग में प्रवेश किया। सुपर लीग में मध्य प्रदेश को 5-0, पंजाब को 12-0 से हराया। इसके बाद महाराष्ट्र से बहुत ही रोमांचक मैच हुआ। पहले दो इनिंग तक छत्तीसगढ़ की टीम महाराष्ट्र से एक रन से पीछे रही लेकिन आखिरी इवनिंग में छत्तीसगढ़ ने दो रन बनाकर यह मैच 2-1 से जीत लिया, लेकिन अगले मैच में छत्तीसगढ़ की टीम राजस्थान से 0-1 एक से हार गई। मैच इतना संघर्षपूर्ण था कि मैच समाप्त होने तक 2-2 के स्कोर पर दोनों टीमें बराबर रही तथा टाईब्रेकर मैच में महाराष्ट्र की टीम ने दो रन बनाएं और छत्तीसगढ़ की टीम एक रन ही बना सकी तथा यह मैच महाराष्ट्र ने चार तीन से जीत लिया और छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा।

बालक वर्ग में जशपुर से, राहुल एक्का, सुमित खलखो, विमलेश एक्का, बीजापुर से लक्ष्य निषाद, सूर्या कड़ती, अबिल मिच्चा, कबीरधाम से शुभम सेन, पंकज मेरावी, चंद्रेश कुमार कोर्राम, रायपुर से लोकेश नायक, सुमित सबरवाल, दुर्ग से आर्यन पटेल कोरबा से रामानंद मिश्रा राजनांदगांव से रोहित राजपूत, बेमेतरा से कोमल पाटिल, राजू निषाद प्रशिक्षक गौरव डहरिया एवं वीरेंद्र नायक मैनेजर सारंग नेताम सम्मिलित थे।

राज्य का दल 14 जनवरी को संपर्कक्रांति ट्रेन से दोपहर 2 बजे रायपुर वापस लौटेगा। इस उपलब्धि पर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा एवं खेल विभाग के प्रभारी नारायण प्रसाद गवेल खिलाड़ियों की भविष्य की शुभकामना करते हुए हार्दिक बधाइयां दी। समस्त जानकारी सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान करनेवार ने दी।

# विकसित भारत 2047 पर केंद्रित छाया चित्र प्रदर्शनी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर स्थित सांस्कृतिक भवन में दो दिवसीय विकसित भारत 2047 जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा एवं नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 देश को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाने का राष्ट्रीय संकल्प है, जिसे जनभागीदारी के माध्यम से ही साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान गीत एवं नाट्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया गया जिसे उपस्थित नागरिकों ने सराहा। कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 170 एवं 229 बटालियन के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. मोहन राजू एवं डॉ. इदरा ग्रीष्मा तेजस्वी के नेतृत्व में स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

दो दिवसीय आयोजन में विकसित भारत के चार प्रमुख स्तंभ युवा, महिला, किसान एवं गरीब पर आधारित विशेष चित्र प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें भारत की विकास यात्रा, प्रमुख सरकारी पहले एवं भविष्य की दृष्टि को दर्शाया गया है। आर्थिक, सामाजिक एवं डिजिटल सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जोड़ने हेतु विशेष सत्र आयोजित किए गए।

साथ ही प्रतिभागियों को माई गवर्नमेंट पोर्टल के माध्यम से अपने सुझाव एवं नवाचारी विचार साझा करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबूलाल नरवाड़िया ने खेल एवं मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी दी, जबकि हर्षिता पांडा ने बालिका शिक्षा के महत्व पर विचार रखे।

कार्यक्रम का समन्वय केन्द्रीय संचार ब्यूरो के तकनीकी सहायक केएस दिवान एवं क्षेत्रीय प्रचार सहायक बीएस ध्रुव द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अर्जुन पटेल, मनीषा नाग एवं साधना जैन का सक्रिय सहयोग रहा।

# एसआईआर के तहत सी-ग्रेड मतदाताओं के दस्तावेजों का किया गया सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत बस्तर विकासखंड के अंतर्गत बस्तर तहसील की ग्राम पंचायत भाटपाल बूथ क्रमांक 121 में सी-ग्रेड मतदाताओं से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर पूर्व में सूचना जारी की गई थी। सूचना के अनुसार संबंधित मतदाताओं को निर्धारित तिथि को पंचायत भवन निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर अपने-अपने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष जांच एवं सत्यापन उपरांत जमा कराया गया। यह संपूर्ण प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं नियमानुसार संपन्न की गई। इस



कार्य के सफल संचालन हेतु अतिरिक्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तरुण पाल लहरे की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनके साथ सुपरवाइज़र शैलेन्द्र तिवारी, सरपंच अमृत कश्यप, बूथ लेवल अधिकारी सतीश मौर्य, पंचायत सचिव रूपसिंह बघेल, एएलओ. किशोर साहू, रामदास कश्यप, भजनलाल पटेल सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मतदाताओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण कराया गया। इस दौरान ग्रामवासियों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया, जिससे कार्य शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि इस प्रक्रिया के तहत कुल 40 सी-ग्रेड मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया था, जिनमें से सभी 40 मतदाता उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवा चुके है।



# धूमधाम से मनाया गया युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र में तिलक, दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। फिर भाषण प्रतियोगिता प्रारंभ हुआ आचार्य दीदीयों व भैया बहनों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया व प्रेरक प्रसंग बताया गया। उसके पश्चात नगर के मुख्य मार्ग में मैराथन दौड़ किया गया व शोभा यात्रा निकाली गई। 60 भैया बहनों ने स्वामी विवेकानंद जी के वेशभूषा में इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके साथ ही रंगोली, चित्रकला, भाषण, स्वामी विवेकानंद सजाओ प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भैया बहनों ने सभी विधाओं में उत्साह के साथ भाग लिया। नन्हे भैया बहन स्वामी विवेकानंद जी के वेशभूषा में मनमोहक लग रहे थे। बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत और जय घोष के साथ रैली निकाली गईं जो नगर के मुख्य मार्ग में भ्रमण करते हुए पुनः वापस विद्यालय में पहुंचकर समाप्त हुई। आभार प्रदर्शन शिशु भारती अध्यक्ष सूरज सोनी ने किया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में हुई स्वदेशी संकल्प दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के एनएसएस इकाई द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जो संस्थान परिसर से प्रारंभ होकर एजुकेशन सिटी क्षेत्र को कवर करते हुए संपन्न हुई।

यह कार्यक्रम शासकीय मॉडल कॉलेज जावंगा के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। स्वदेशी संकल्प दौड़ में कुल 120 एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचारों एवं स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार से संबंधित नारों का जोरदार उद्घोष किया गया। नारों के




माध्यम से आम जनता को स्वदेशी अपनाने, आत्मनिर्भर बनने तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर, समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. मुकेश ठाकुर ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्र सेवा, अनुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करते हैं।

स्वदेशी अपनाकर ही देश की आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तता को मजबूती मिल सकती है। इस अवसर पर शासकीय मॉडल कॉलेज जावंगा के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार माहला की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं स्वदेशी संकल्प के संदेश के साथ किया गया।

# संवैधानिक अधिकार पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

धाकड़ समाज का संभागीय बैठक हमीरगढ़ परगना जिला सुकमा में 11 जनवरी को संभागीय अध्यक्ष तरुण धाकड़ के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

बैठक में संभागीय संरक्षक दयाराम धाकड़, उपाध्यक्ष जोगेश्वर धाकड़, उपाध्यक्ष नारायण सिंह कमलेश, शशिभूषण सिंह मांझी, बस्तर जिलाध्यक्ष दयानिधि, सचिव नरसिंह, बलीराम, भारत सिंह, बलदेव धाकड़, तारासिंह, खेतसिंह, गिरेन्द्र सिंह, रूपसिंह, जगमन धाकड़, शिव, हनुमान, मनुरथ, विनायक, विनायक, महादेव धाकड़, मदन, जगदेव धाकड़ युवा माता-बहन और सुकमा जिला के समाज बन्धु उपस्थित हुए। कार्यक्रम में समाज के रीति नीति से संस्कारों का



निर्वहन व अनावश्यक खर्च से बचाव, आर्थिक सुधार, कुसंगति से समाज को दूर रखने, समाज के उत्थान के लिए समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने, पिछड़ा वर्ग को प्राप्त संवैधानिक मौलिक अधिकार पर विशेष चर्चा किया गया एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर विचार मंथन किया गया।

सुकमा वासियों के द्वारा एक माह के अन्दर पंजीयन क्रमांक 1722 के बैनर तले जिला स्तरीय सम्मेलन कोकावाड़ा में आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया है।

# हिंदू सम्मेलन में अवैध धर्मांतरण पर किया चिंतन-मनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर जिले के ग्राम पंचायत बागबाहर रोतमा में एकल अभियान संस्कार शिक्षा द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन संघ बस्तर उपसंघ रोतमा बागबाहर अंचल जगदलपुर संभाग छत्तीसगढ़ में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें धर्मांतरण पर चर्चा की गई। इस

■ हिंदू समाज को एकजुट रहने और संस्कृति और परंपरा को बचाने किया आह्वान

सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक चेतना का विस्तार, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण और हिन्दू समाज को संगठित करना था।

मुख्य अतिथि ग्राम पुजारी रूपु कश्यप ने कहा कि अन्य धर्मों के लोग हिंदू धर्म को बदनाम कर आदिवासी एकता को तोड़ रहे हैं और आदिवासी



भाई-बंधुओं को हिंदू धर्म के प्रति जहर घोलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट रहने और अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाने के लिए आह्वान किया। मुख्य वक्ता रामनाथ कश्यप ने धर्मांतरण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अन्य धर्म के लोग हिंदू समाज को तोड़ने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं, लेकिन हमें अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाने के लिए एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सामाजिक सेवा के माध्यम से हम हिंदू समाज को मजबूत बना सकते हैं और धर्मांतरण को रोक सकते हैं। उन्होंने सभी समाज प्रमुखों युवाओं महिलाओं से हिंदू धर्म को एकजुट करने आह्वान करते हुए किसी लालच या दबाव में आकर धर्म परिवर्तन न करने अपील किया। भूतपूर्व सरपंच मनबोध बघेल ने कहा कि गांव में आदिवासियों को हिंदू नहीं है कह कर उनके मन में हिंदू धर्म के प्रति नफरत का जहर घोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू देवी-देवताओं को काल्पनिक बताते हुए उनका उपहास किया जा रहा है और ईसाई धर्म अपनाने के लिए आदिवासी ग्रामीणों को धन, शिक्षा, स्वास्थ्य लाभ का लालच दिया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा स्वागत गीत में नृत्य प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात मां बम्लेश्वरी भजन सेवा मंडली सोनारपाल की टीम ने भजन कीर्तन कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि रूपु कश्यप, मुख्य वक्ता रामनाथ कश्यप, सामाजिक कार्यकर्ता कमल किशोर, लखेश्वर कश्यप, रायधर बघेल, पिलसिंग कश्यप (पुजारी), मनबोध बघेल मां बम्लेश्वरी भजन सेवा मंडली सोनारपाल की टीम के साथ ही सभी ग्राम पंचायत के सनातनी हिन्दू समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

**शपथ पत्र**

श्रीमती परमिला कश्यप पति चमरू कश्यप (53) जाति भतरा पता पाहुरबेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. सत्य कथन करती हूं।

1. यह कि मेरी वास्तविक नाम श्रीमती परमिला कश्यप (Parmila Kashyap) सत्य एवं सही है।
2. यह कि शपथकर्ता को प्राप्त भारत निर्वाचन आयोग मतदाता परिचय पत्र क्रमांक (KTC 4179560) में वास्तविक रूप से परमिला कश्यप पति चमरू दर्ज है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक (8276 1951 6444) में त्रुटिवश पूर्णिमा कश्यप पति चमरू कश्यप (Purnima Kasyap W/O Chamaru Kasyap) दर्ज हुई है, जिस कारण परेशानी हो रही है।
4. यह कि शपथकर्ता परमिला कश्यप एवं पूर्णिमा कश्यप एक ही महिला के नाम है। तथा आधार कार्ड में नाम सुधार हेतु राजपत्र बनाये जाने शपथ पत्र प्रस्तुत है।

परमिला
शपथकर्ता

**कार्यालय तहसीलदार, लेहण्डीगुड़ा**
**जिला- बस्तर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./202601517000076/ब-121/2025-26
// (ईश्तहार) //

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम सूचना को सूचित किया जाता है कि आवेदक खुदसिंह नाग पिता स्व. प्रभुनाथ हल्बा निवासी ग्राम-बड़ांजी तहसील लोहण्डीगुड़ा ने इस कार्यालय में अपने दिवंगत पिता स्व. प्रभुनाथ हल्बा (पूर्व कर्मचारी छ.ग. स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लि.) के मृत्यु उपरांत वारिसान प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।
आवेदक के अनुसार मृतक के निम्नलिखित कानूनी वारिस हैं:
(1) खुदसिंह नाग पिता स्व. प्रभूनाथ (पुत्र) उम्र-42 वर्ष
(2) ठाकुर राम पिता स्व. प्रभूनाथ (पुत्र) उम्र- 37 वर्ष
(3) रूपेन्द्र प्रसाद पिता स्व.प्रभूनाथ (पुत्र) उम्र-35 वर्ष

आवेदक के अनुसार उनकी माता स्व. सेवतीबाई नाग का निधन दिनांक 20/03/2022 को हो चुका है। अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी वारिस को उक्त वारिसान प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर कोई आपत्ति हो, तो वे अपनी आपत्ति लिखित रूप में साक्ष्यों के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर पेशी दिनांक 16/01/2026 तक न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा और प्रकरण में गुण-दोष के आधार पर वारिसान प्रमाण पत्र जारी करने की अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 08/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा

## खबर संक्षेप

### लोगों ने देखा महाराज के सम्मान का कार्यक्रम



**जगदलपुर।** हरियाणा में आई भीषण बाढ़ के दौरान प्रभावित लोगों की निःस्वार्थ सेवा एवं मानवीय सहायता के लिए संत रामपाल महाराज को गरीबदास गरिमा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह ग्राम पंचायत गिरावड़, जिला झज्जर (हरियाणा) में आयोजित हुआ। जिसका सीधा प्रसारण बस्तर जिले के ग्राम तेलीमारेंगा में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणजनों ने देखा।
बाढ़ आपदा के समय संत रामपाल महाराज के मार्गदर्शन में उनके शिष्यों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में निःशुल्क भोजन, स्वच्छ पेयजल, कपड़े, दवाइयां तथा आवश्यक राहत सामग्री वितरित की गई। सेवा कार्य बिना किसी भेदभाव के मानवता को सर्वोपरि मानते हुए किए गए। वक्ताओं ने कहा कि संत रामपाल महाराज केवल आध्यात्मिक गुरु ही नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में मानवता के लिए समर्पित संत हैं। उनके सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

### सुरमयी संध्या में लोगों ने संगीत का किया रसपान



**जगदलपुर।** शौर्य भवन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। स्वरागिनी द्वारा आयोजित पंचम शास्त्रीय संगीत संध्या मनोरंजन का उपक्रम नहीं, बल्कि शास्त्रीय परंपरा की एक गंभीर साधना थी। जहां मंच कलाकारों का नहीं, चेतना का था और श्रोता दर्शक नहीं, सहभागी थे। इस आयोजन ने सिद्ध कर दिया कि शास्त्रीय संगीत केवल सुना नहीं जाता अनुभव किया जाता है। जैसे ही पहले आलाप ने आकाश को छुआ, सभागार में एक अदृश्य मौन उतर आया। ऐसा मौन जो खाली नहीं, अर्थ से भरा होता है। हर तान जैसे श्रोताओं के भीतर उतर रही थी हर ठहराव जैसे आत्मा से संवाद कर रहा था। यह संध्या सुरों की नहीं, संस्कारों की प्रस्तुति थी। यहां तालियां प्रशंसा नहीं, स्वीकृति का भाव थीं। यह वह मंच था जहां रागों ने अपनी जड़ों को याद किया और आधुनिक मनुष्य ने अपनी। बनारस घराने के डॉ प्रवीण मिश्रा (जम्मू), नागपुर के श्रीराम काणे, रायपुर के तालमणि अशोक कूर्म, स्थानीय कलाकार डॉ ज्योति लागू और तबले पर संगत करने वाले मनीष मिश्रा की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को सुरों के उस लोक में पहुँचा दिया।

## निधन

### अपूर्व देव राय

**जगदलपुर।** कुम्हारपारा निवासी अपूर्व देव राय 80 वर्ष का आज निधन हो गया। वे अपने पीछे धर्मपत्नी, दो बेटी, दामाद समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार 14 जनवरी अथवा 15 जनवरी को प्रातः 9 को होने की संभावना है। बताया गया कि बेटी के विदेश में होने के कारण अंतिम यात्रा का समय तय नहीं है।



## स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवाओं को मिला राष्ट्रभक्ति का संदेश

# युवा शक्ति संकल्पित हो जाए, तो राष्ट्र का निर्माण निश्चित : मद्दी






हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पश्चिम नगर मंडल के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना को जागृत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षिकाओं के द्वारा देशभक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमुदाय में उत्साह भर दिया। मुख्य अतिथि एवं बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हमें सिखाता है कि युवा शक्ति यदि संकल्पित हो जाए, तो राष्ट्र का निर्माण निश्चित है। आज का युवा अपने लक्ष्य के प्रति अनुशासित बने, आत्मविश्वास बढ़ाए और राष्ट्रसेवा को अपना धर्म माने।

वरिष्ठ भाजपा नेता विद्याशरण तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं, बल्कि भारत की युवा चेतना के प्रतीक हैं। उनके विचार आज भी हमें मजबूत चरित्र, राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना का संदेश देते हैं। युवाओं को उनका मार्ग अपनाकर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

आयोजन के समापन पर उपस्थितजनों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। वहीं आभार प्रदर्शन एसएमडीसी अध्यक्ष योगेश शुक्ला ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, नरसिंह राव, सफीरा साहू, परिसराम बेसरा, विपिन मालवीय, राजपाल कसेर, दिनेश के.जी., शशिनाथ पाठक, सुधा मिश्रा, गीता नाग, अतुल सिम्हा, माहेश्वरी ठाकुर, योगेश ठाकुर, अविनाश सिंह गौतम, ब्रिजेश शर्मा, लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्रही, संग्राम सिंह राणा, श्याम सुंदर बघेल, शेखर साव, त्रिवेणी रंधारी, गायत्री बघेल, कुसुम परिहार, कलावती कसेर, आशा साहू, ममता राणा, आनंद झा, रितेश सिन्हा, नेहा ध्रुव, श्वेता बघेल, पूनम सिन्हा, कौशल्या साहू, डाकेश्वरी पांडे, प्रमिला कपूर, उमा मिश्रा, रोशन झा, दीपिका गुप्ता, अलका सेंगर, अनिता भारत, अनिता पटेल, विभा सिंह, गंगोत्री चंद्रवंशी, निलेश्वरी भागवतकार, कविता कोर्राम, कुमारी बघेल, सुकल दई, पार्वती पाटनकर, मनोज ठाकुर, दिलीप सुंदरानी, प्रेम यादव, प्रभात चौहान सहित प्रिंसिपल मनीषा खत्री, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों से युवाओं को मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाजपा पश्चिम मंडल जगदलपुर द्वारा प्रवीरचंद्र शक्ति केंद्र में एक प्रेरणादायी एवं विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन, उनके ओजस्वी विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका से अवगत कराना रहा। आयोजन के दौरान उपस्थित युवाओं में उत्साह, जागरूकता और राष्ट्रप्रेम की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

■ राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रवीरचंद्र शक्ति केंद्र में प्रेरणादायी आयोजन

मुख्य वक्ता ने स्वामी विवेकानंद के संघर्षमय जीवन,उनके आदर्शों और युवाओं के लिए दिए गए संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद का चिंतन आज भी युवाओं को आत्मनिर्भर,अनुशासित और चरित्रवान बनने की प्रेरणा देता है। देश का भविष्य युवा पीढ़ी के संस्कारों और विचारों पर ही निर्भर करता है। उन्होंने युवाओं से ज्ञान, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा को जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन मंडल पदाधिकारी ने किया,जबकि समापन अवसर पर वक्ताओं ने ऐसे आयोजनों को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद का जीवन दर्शन आज की युवा पीढ़ी को भटकाव से बचाकर सकारात्मक दिशा देता है और समाज निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाता है।कार्यक्रम में जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, महिला मोर्चा प्रतिनिधि,सोशल,मीडिया प्रभारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा पश्चिम मंडल उपाध्यक्ष शशिनाथ पाठक रहे। संचालन मंडल मंत्री एवं महाराजा प्रवीरचंद्र शक्ति केंद्र प्रभारी अविनाश सिंह गौतम ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पश्चिम मंडल उपाध्यक्ष सुधा मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी सफीरा साहू, पूर्वी मंडल उपाध्यक्ष गीता नाग, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ममता राणा सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विवेकानंद से उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक न रुकने का मिला संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर




स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर सोमवार को स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं स्वदेशी संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस कड़ी में माई दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण सिरहासार में आज सुबह श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति के भाव के साथ सम्पन्न हुआ।

■ स्वदेशी अपनाकर देश को विश्व गुरु बनाने में दें योगदान

मुख्य वक्ता सांसद महेश कश्यप ने कहा कि स्वदेशी संकल्प दौड़ केवल एक दौड़ नहीं, यह भारत के युवाओं के भीतर स्वाभिमान, स्वावलंबन और राष्ट्रभक्ति की ऊर्जा को जगाने का अभियान है। स्वामी विवेकानंद ने हमें उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक न रुकने का संदेश दिया। आज का युवा उसी प्रेरणा के साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बने। स्वदेशी अपनाएं, देश को आगे बढ़ाएं और भारत को विश्व गुरु बनाने में अपना योगदान दें।

बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी संकल्प दौड़ युवाओं को स्वदेशी, स्वाभिमान और स्वावलंबन से जोड़ने का प्रेरक अभियान है। जब हम स्वदेशी उत्पादों को अपनाते हैं, तब हम केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत नहीं करते, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी साकार करते हैं। आज का युवा राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाए, यही इस आयोजन का संदेश है।

### सभा में लिया गया संकल्प

समापन पर आयोजित स्वदेशी संकल्प सभा में सभी उपस्थित युवाओं ने यह संकल्प लिया कि वे देशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देंगे और समाज में स्वदेशी के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता विद्याशरण तिवारी, परिसराम बेसरा, योगेन्द्र पांडे, सुब्रतो विश्वास, सुरेश गुप्ता, खेमसिंह देवांगन, बी. जयराम, मनीष पारख, दिगम्बर राव, दिनेश के.जी., शशिनाथ पाठक, संग्राम सिंह राणा, राकेश तिवारी, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, नवीन बोथरा, ममता राणा, गीता नाग, माहेश्वरी ठाकुर, आशा साहू, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, राजा यादव, सुरेश मिश्रा, रोशन झा, योगेश मिश्रा, नवीन बोथरा, कृष्ण ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष भीमा मड़कम, प्रदेश महामंत्री, भाजयुमो कुणाल सिंह ठाकुर, कीर्ति पाढ़ी, विनय राजू, राजकुमार कश्यप, वीरेश मिश्रा, राहुल असरानी, मनोज पटेल, रोहित कश्यप, रोहित खत्री, अभिषेक तिवारी, सत्यम झा, बंटू पांडे, आनन्द झा, गणेश नागवंशी, रामप्रसाद मौर्य, कमलेश दीवान, अभिलाष यादव, कृष्णा नाग, अमित रामटेके, गौरव कश्यप, मनी विक्रम नायडू, अनिमेष सिंह, रमेश नायडू, राज पाण्डेय, नरेंद्र पाण्डे, शुभेन्द्र भदौरिया, वेंकटेश्वर राव, संवेद्र सेठिया, जीवनाथ मौर्य, विकास सिकदार, रूपेश समरथ, मनोज ठाकुर, आदर्श ठाकुर, आसमन बघेल, ओमप्रकाश कश्यप, योगेश पाणिग्रही, राहुल सोनी, रितेश झा, गुलाम अशरफ, वीरेंद्र जोशी, निकिल नाग, गौरव भवानी सहित कार्यकर्ता, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता कर स्वदेशी, स्वाभिमान और स्वावलंबन की भावना को मजबूती दी। पूरे आयोजन के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और स्वदेशी के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति में सराबोर रहा।





## विवेकानंद जयंती पर नन्हें बच्चे बने स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नगरनार

सरस्वती शिशु मंदिर नगरनार विद्यालय के प्रांगण में 12 जनवरी को 164 वीं स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में 6वी, 7वी, 8वीं के भैया, बहनों ने गणित विज्ञान मेला का आयोजन किया । जिसमें स्वामी विवेकानंद के वेशभूषा पहनकर भैय्या शोभायात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम का उदघाटन मालती नाग एवं तिलोतमा कश्यप ने किया। हर्ष मिश्रा ने उदबोधन दिया। कार्यक्रम को उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें सत्यम सिंह, प्रधानाचार्य रीता यादव, मालती बघेल, संतोषी बघेल, राधादास, हेमलता बघेल, अंजली सेठिया, वृंदावती कश्यप एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## जी राम जी अधिनियम ग्रामीण भारत को स्वावलंबी बनाएगा : भरत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रभारी भरत कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश शक्ति और सामर्थ्य के साथ खड़ा हो गया है। वही अब विकसित भारत के तस्वीर के साथ तकदीर बदलने जी राम जी अधिनियम 2025 ग्रामीण भारत को स्वावलंबी और स्वाभिमान बनाने नया आयाम गढने वाला है। इसकी विशेषताओं को गांव-गांव के विकास के लिए दूरदर्शी और महत्वपूर्ण और स्वागतेय बताते हुए कहा कि मनरेगा की जगह लेने वाले जी राम जी अब मनरेगा योजना से बेहतर योजनाओं के साथ ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाने वाला है। पहले रोजगार गारंटी की अवधि 100 दिन था अब उसे बढ़ाकर 125 दिन हो गया है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य जी राम जी के तहत ग्राम पंचायत गांव के विकास की योजना खुद बना सकेगी। भरत ने कहा कि इससे हर स्तर पर ग्रामीण जीवन लाभान्वित होगा किसान, गरीब एवं मजदूर व श्रमिकों को संबल बनाने के लिए अपने पैरों पर खड़े होने देने के लिए जी राम जी अधिनियम दूर की सोच है। इससे गांव में लोगों की आय बढ़ेगी, रोजगार गारंटी में अवधि अब 25 दिन बढ़ेगा बल्कि भुगतान सप्ताह में कर दिया जाएगा और भुगतान में देर होने पर अतिरिक्त भुगतान दिया जाएगा।




## हेलमेट पहनाकर राहगीरों को बताई गई जिंदगी की कीमत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

यातायात सुरक्षा माह के अंतर्गत आज थाना लोहंडीगुड़ा पुलिस एव क्रेडा तकनीशियन के संयुक्त तत्वाधान में थाना लोहंडीगुड़ा के सामने जरूरत मंद लोगो को हेलमेट वितरण कर यातायात नियमों के बारे जानकारी दी गई। क्रेडा के युवाओं ने प्रहलाद सिंह ठाकुर के स्मृति में थाना के सामने राहगीरों को हेलमेट बांटा। वहीं बिना हेलमेट वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय सुरक्षा के सभी मापदण्ड का पालन करने की समझाइश पुलिस अधिकारी ने दी।

## आरोपियों पर हो एफआईआर और निलंबन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे पार्टी के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकतार्ओं ने आज गीदम वेयरहाउस सहित नियानार में धान खराब होने जैसे विषय पर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

■ गीदम वेयरहाउस एवं नियानार में धान खराबी मामले में जनता कांग्रेस ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

अध्यक्ष नवनीत चांद ने बताया कि खाद्यान्न व्यवस्था से संबंधित जिम्मेदार विभागों, खाद्यान्न विभाग, विपणन विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम विभाग, वेयरहाउस विभाग, धान संग्रहण केंद्र द्वारा संचालित धान खरीदी, परिवहन, मिलर्स द्वारा धान मिलिंग, चावल की गुणवत्ता जांच, वेयरहाउस में स्टॉक, स्टॉक से राशन दुकान तक परिवहन में नियम के विरुद्ध बरती जाने वाली संपूर्ण प्रक्रिया हुई। विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों, ठेकेदारों एवं इनके करीबी रिस्तेदारो के बेहिसाब संपत्ति की निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने कहा जिला दंतेवाड़ा के वेयर हॉउस में जमा गुणवत्ता विहीन चावल व बस्तर जिले के जगदलपुर ब्लॉक धान संग्रहण केंद्र नियानार में हजारों क्विंटल धान खराब होने के जिम्मेदार दोषी धान संग्रहण प्रभारी, वेयर हॉउस प्रभारी अधिकारियों, गुणवत्ता निरीक्षक, मिलर्स, परिवहन ठेकेदारों पर कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।



इस दौरान जिला अध्यक्ष नीलांबर भद्रे, चित्रकोट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल, महासचिव संतु कश्यप, युवा अध्यक्ष सूरज कश्यप, जुगल कश्यप सीबो मांडवी जटेल बघेल, राजू कश्यप, सोमारू कश्यप , माटा कश्यप, सुखराम कश्यप,रानू कश्यप , वनगा कश्यप, सूकरु कश्यप पाकलु कश्यप , मैनी बघेल, हिमांशु आनंद, प्रिया यादव, अलका नादन, निहारिका सिंह, आकाश जॉन, धन सिंह बघेल, गायत्री ठाकुर उपस्थित थे।




# आम आदमी पार्टी ने निकाली छत्तीसगढ़ बचाओ-बस्तर बचाओ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर




आम आदमी पार्टी द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में चलाई जा रही छत्तीसगढ़ बचाओ–बस्तर बचाओ यात्रा के अंतर्गत आज दरभा ब्लॉक में भव्य यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक संगठन मंत्री ने किया,जबकि पार्टी के वरिष्ठ नेता समीर खान भी इसमें शामिल हुए। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने यात्रा में भाग लिया और अपनी समस्याएं पार्टी नेताओं के सामने रखीं।

यात्रा में जिला अध्यक्ष, बस्तर जिला के दांती राम पोयम, अमित कश्यप, संगठन मंत्री जोगाराम पोयम, नारायण मौर्य, नीलू राम मांडवी, सोनू पोयम, बामन मांडवी, लखो मांडवी, बाली कुमार मांडवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी नेता समीर खान ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के वर्षों के शासन के बावजूद आम जनता को लाभ नहीं मिला, लेकिन आम आदमी पार्टी का शिक्षा और स्वास्थ्य आधारित मॉडल लोगों को पसंद आ रहा है। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने दरभा रोड की खराब स्थिति और पानी की समस्या से अवगत कराया। पार्टी ने मांग की है कि सड़क निर्माण और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद पार्टी कार्यकर्ता जनता के हक के लिए सक्रिय हैं और आम आदमी पार्टी आने वाले समय में जनता की आवाज बनकर उभरेगी।

### यात्रा में जनता की सहभागिता

यात्रा में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीणों की समस्याओं को सामने रखते हुए नेताओं ने आश्वासन दिया कि सड़क, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के सुधार के लिए पार्टी पूरी ताकत से प्रयास करेगी। यह यात्रा बस्तर की राजनीति में बदलाव और आम जनता के साथ जुड़ाव का संदेश देती है।

